# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री


12 कलश यात्रा के साथ राम नाम सप्ताह शुरू





13 गायत्री शक्ति पीठ में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, ...






## खबर संक्षेप

### राज्य रोजगार मेले के लिए 29 तक आवेदनआमंत्रित

**बलौदाबाजार**। निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने राज्य शासन के मंशानुसार कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा 29, 30 एवं 31 जनवरी को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु बलौदाबाजार जिले के आवेदकों के लिये 29 जनवरी निर्धारित किया गया है। ऐसे आवेदक जो निजी क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक है और मेले में शामिल होना चाहते हैं, उनका रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु दोनों पंजीयन होना अनिवार्य है, जो आवेदक पूर्व में अपना पंजीयन किये है तथा अपना फार्म अपूर्ण या पदों का चयन नहीं किये हैं वे अपने आईडी पासवर्ड के माध्यम से या छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से योग्यतानुसार संबंधित पद का चयन करते हुए अपना आवेदन फार्म पूर्ण कर सकते हैं। 29 जनवरी को अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन, अनुभव प्रमाण पत्र, आधार कार्ड इत्यादि आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर स्वयं के व्यय से उपस्थित होना होगा।

### अवैध रूप से शराब बेच रहा आरोपी गिरफ्तार



**महासमुंद**। पथरला रोड ग्राम तिलकपुर के पास अवैध रूप से शराब बेच रहे एक व्यक्ति को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी शंकर चौहान पिता टीकाराम चौहान (33 साल) तिलकपुर थाना बसना के कब्जे से कुल 6 लीटर कीमत 1200 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद**। बाइक से शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति एक लाल कलर के रायडर मोटर सायकल से शराब रखकर बिक्री के लिए बैतारी से झिलमिला की ओर आ रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने बाइक को रोका। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सारथी साहू पिता रूकमन साहू (50 वर्ष) बैतारी थाना सरायपाली जिला महासमुंद छग के कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेन रोमियो शराब कीमत 2560 रुपए और बाइक कीमत 80000 रुपए को बरामद किया।

---

**कार्रवाई : प्रारंभिक जांच में सुरक्षा मानकों एवं एसओपी का गंभीर उल्लंघन**

# इस्पात एंड एनर्जी प्लांट हादसे पर सख्त कार्रवाई किल्न क्रमांक-01 सील, संचालन व मेंटनेंस प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बकुलाही स्थित इस्पात एण्ड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के कारखाना परिसर में गुरुवार को घटित भीषण औद्योगिक दुर्घटना के मामले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर सख्त कदम उठाया गया है। दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर कारखाना अधिनियम के तहत किल्न क्रमांक-01 के संचालन एवं मेंटेनेंस सहित समस्त कार्यों पर तत्काल प्रतिबंध लगाए जाने का आदेश जारी किया गया है।

सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा जारी आदेश के अनुसार 22 जनवरी को प्रातः लगभग 9.40 बजे किल्न क्रमांक-01 के डस्ट सेटलिंग चेंबर के द्वितीय तल में कार्य के दौरान अचानक विस्फोट एवं गर्म ऐश की बौछार होने से 6 श्रमिकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जब कि 5 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय डस्ट सेटलिंग चेंबर के भीतर लगभग 850 से 900 डिग्री सेल्सियस तापमान की गर्म ऐश को पोकिंग के माध्यम से नीचे गिराया जा रहा था। घटना की गंभीरता को देखते हुए



सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, बलौदाबाजार द्वारा उप संचालकों एवं अधिकारियों की संयुक्त टीम के साथ कारखाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुर्घटनास्थल की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई। इस दौरान कारखाना प्रबंधन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि कारखाना प्रबंधन द्वारा एसओपी का पालन नहीं किया गया। किल्न का शटडाउन किए बिना श्रमिकों से अत्यंत जोखिमपूर्ण स्थिति में कार्य कराया गया। डस्ट सेटलिंग चेंबर के हाइड्रोलिक स्लाइड गेट को बंद नहीं किया गया, उचित वर्क परमिट जारी नहीं किया गया, नियमित रखरखाव का अभाव रहा तथा श्रमिकों को आवश्यक सुरक्षा प्रशिक्षण, पर्यवेक्षण और हीट रेसिस्टेंट एप्रन, सुरक्षा जूते, हेलमेट जैसे अनिवार्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए। किल्न क्रमांक-01 में विनिर्माण प्रक्रिया एवं मेंटेनेंस कार्य इमिनेंट डेंजर की स्थिति में थे। जिसके चलते कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 40(2) के अंतर्गत किल्न क्रमांक-01 के संचालन एवं समस्त मेंटेनेंस कार्यों पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध तब तक प्रभावशील रहेगा, जब तक कारखाना प्रबंधन द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रतिबंधात्मक अवधि के दौरान कारखाने में नियोजित समस्त श्रमिकों को देय वेतन एवं अन्य भत्तों का भुगतान निर्धारित तिथि में अनिवार्य रूप से किया जाए।

सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का कहना है कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### मृतक के परिजन को 20 लाख और घायलों 5 लाख मुआवजा मिलेगा

**बलौदाबाजार**। तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम बकुलाही स्थित इस्पात एंड एनर्जी इस्पात पावर प्लांट में गुरुवार को हुए दुर्घटना के सम्बन्ध में प्रारंभिक जांच रिपोर्ट अनुसार 6 मजदूर की मृत्यु एवं 5 गंभीर रूप से घायलों को उच्च इलाज हेतु बर्न एवं ट्रीटमेंट सेंटर बिलासपुर रिफर किया गया है। कारखाना प्रबंधन द्वारा प्रत्येक मृतक श्रमिक के परिजनों को 20 लाख एवं प्रत्येक घायल श्रमिक के परिजन को 5 लाख देने की घोषणा की गई है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक मृतक के परिजन को कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष से औसतन 10 लाख तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम से पेंशन के रूप में आगामी वर्षों में औसतन कुल 15 लाख प्राप्त होगा। कारखाना प्रबंधन द्वारा मृतकों एवं घायलों के परिजनों को मुआवजा राशि, कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम से पेंशन के साथ ही घायल श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के माध्यम से कार्य वापसी तक नियमानुसार जीवनयापन भत्ता प्राप्त होगा। इस प्रकार प्रत्येक मृतक श्रमिक के परिजन को औसतन 45 लाख तथा घायल श्रमिकों को 5 लाख व जीवनयापन भत्ता प्राप्त होगा। सुरक्षा की दृष्टि से प्लांट पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। प्लांट परिसर एवं बाहर कानून व्यवस्था शांतिपूर्ण है। मृतक श्रमिकों में विनय भुईया पिता मंगर भुईया 39 वर्ष, बद्री भुईया पिता छट्टु भुईया 52 वर्ष, सुंदर भुईया पिता शिवम भुईया 49 वर्ष, श्रवण भुईया पिता शंकर भुईया 22 वर्ष, जितेन्द्र भुईया पिता रामकेवल भुईया 37 वर्ष एवं राजदेव भुईया पिता सुंदर भुईया 22 वर्ष सभी बिहार के ग्राम गोटीबांध निवासी शामिल हैं। घायल श्रमिकों में रामू भुईया पिता लखन भुईया 37 वर्ष कल्फु भुईया पिता सीदी भुईया 45 वर्ष दोनों बिहार के ग्राम गोटीबांध निवासी। सराफत अंसारी 32 वर्ष, मुमताज अंसारी 26 वर्ष एवं साबिर अंसारी 34 वर्ष तीनों झारखण्ड के ग्राम राजहरा निवासी शामिल हैं।

---

## रिश्वत मांगने पर आपरेटर पद से हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

- राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निर्देश पर हुई त्वरित कार्रवाई

तहसील कार्यालय सुहेला में कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा रिश्वत मांगने और अभद्र व्यवहार के मामले में प्रकाशित खबर के बाद अब बड़ा प्रशासनिक एक्शन सामने आया है। इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने तत्काल संज्ञान लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायत की निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कड़ी कार्रवाई की






कार्यालय तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ0ग0)

// आदेश //

जाए। मंत्री के इन्हीं दिशा-निर्देशों के तहत तहसील कार्यालय सुहेला में त्वरित कार्रवाई करते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशांत सामल को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया गया है।

ग्राम शिकारी केसली, तहसील सुहेला निवासी किसान प्रेमलाल सोनवानी द्वारा जनदर्शन पोर्टल में 20 जनवरी को टोकन क्रमांक 2270126000171 के तहत शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि तहसील कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशांत सामल ने नामांतरण एवं अन्य राजस्व संबंधी कार्य कराने के एवज में रिश्वत की मांग की तथा पैसे नहीं देने पर अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें कार्यालय से बाहर निकाल दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने इसे सीधे अपने संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तहसील और राजस्व कार्यालयों में भ्रष्टाचार या पद के दुरुपयोग ▶▶ शेष पेज 13 पर

## ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर तीन घायल, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

- ग्रामीण एवं पुलिस की मदद से तीनों को सुरक्षित निकाला गया

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के ग्राम भवानीपुर में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। भवानीपुर मुख्य मार्ग स्थित नहर पुलिया के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने धान से लदे ट्रैक्टर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमें से एक की हालत नाजुक बनी हुई है।

ग्राम तमोरी निवासी कृष्णा कमल ने पुलिस को बताया कि वह सुबह हेमलाल साहू के दो ट्रैक्टरों में धान लोड कर भवानीपुर मंडी जा रहे थे। सुबह करीब 7 बजे जब हेमलाल साहू का ट्रैक्टर सीजी 04 एमटी 8839 भवानीपुर नहर पुलिया के पास मंडी की ओर मुड़ने के लिए रुका, तभी पीछे से आ रहे ट्रक सीजी 22 जे 9911 के चालक राम विशाले साहू निवासी मध्य प्रदेश ने ओवरटेक करने की कोशिश में ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर के इंजन पर बैठे हेमलाल साहू, गुलाल देवदास और भागवत





### ग्रामीणों ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने की मांग की

हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संदीप बंजारे और आरक्षक प्रताप बंजारे टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से यातायात बहाल कराया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटवाया।हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव बना रहता है। पूर्व में भी यहां एक छात्र दुर्घटना का शिकार हो चुका है। नहर पुलिया और मंडी मोड़ के पास स्पीडब्रेकर और बैरिकेड्स लगाना अनिवार्य है ताकि वाहनों की गति पर नियंत्रण पाया जा सके। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप यथासंभव कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

साहू छिटक कर नीचे गिर गए। उनके गिरते ही ट्रैक्टर पर लदी धान की बोरियां भी उनके ऊपर आ गिरीं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल मुस्तैदी दिखाते हुए बोरियां हटाईं और तीनों को ▶▶ शेष पेज 13 पर

### धान खरीदी में लापरवाही खरीदी प्रभारी कार्य से पृथक वेतन वृद्धि रोकी गई

**बलौदाबाजार**। धान खरीदी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत आईसीसीसी पोर्टल से की जाने वाली निगरानी में प्राप्त अलर्ट के आधार पर धान खरीदी में लापरवाही बरतने पर पलारी उपार्जन केन्द्र के खरीदी प्रभारी पर कार्रवाई करते हुए खरीदी कार्य से पृथक कर वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी गई है। इसके साथ ही 4 अन्य खरीदी प्रभारियों की भी वेतन वृद्धि रोकी गई है। उपायुक्त सहकारिता से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों द्वारा लाये गये धान को बिना ढेरी, बिना धान की गुणवत्ता एवं नमी जांच किये धान की खरीदी करने पर धान उपार्जन केंद्र पलारी के खरीदी प्रभारी रूद्रदत्त पांडेय को धान खरीदी कार्य से पृथक करते हुए वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगायी गई। इसके अतिरिक्त धान उपार्जन केंद्र सैहा के खरीदी प्रभारी जगदीश प्रसाद लहरी, कोयदा के खरीदी ▶▶ शेष पेज 13 पर

## 9वीं के छात्र ने 10वीं के छात्र पर चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- आत्मानंद स्कूल के वार्षिकोत्सव के दौरान हुआ खूनी संघर्ष, छात्र घायल

शहर के हथनीपारा स्थित शासकीय आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव के दौरान दो छात्रों के बीच बैठने को लेकर विवाद हो गया और आपस में मारपीट की नौबत आ गई। इसी बीच 9वी के छात्र ने 10वीं के छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना से कार्यक्रम स्थल पर अफरा तफरी मच गई। स्कूल प्रबंधन ने घटना की सूचना पुलिस को दी और गंभीर रूप से घायल छात्र को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। सहायक टीआई अमित पाटले ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम चल रहा था इसी दौरान लगभग 3 बजे दो छात्रों के बीच बैठने को लेकर आपस में विवाद हुआ, जिसमें 9वी के छात्र ने 10वी के छात्र को चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल पिरसर में हडकम्प मच गया और इसकी जानकारी सहायक थाने को दी गई। ▶▶ शेष पेज 13 पर

---

**आयुर्वेदिक कैंप की आड़ में बिछाया था जाल, पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया**

# गड़े धन का झांसा देकर 13 लाख की ठगी के आरोप में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आयुर्वेदिक इलाज के नाम पर कैंप लगाकर लोगों को अपने जाल में फंसाने और फिर तंत्र-मंत्र का डर दिखाकर लाखों की ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह को सिटी कोतवाली पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपियों ने एक किसान को उसके खेत में सोने-चांदी से भरा हंडा गड़ा होने का लालच देकर 13 लाख 74 हजार नगद और सोने के जेवरात ठग लिए थे।

पुलिस के अनुसार, ठगी का शिकार हुए प्रार्थी कमल साहू निवासी ग्राम खैरा, पाटन की मुलाकात अक्टूबर 2025 में बलौदाबाजार-लटुवा रोड पुलिया के पास लगे महालक्ष्मी दवाखाना आयुर्वेदिक कैंप में इन आरोपियों से हुई थी। आरोपियों ने खुद को विभिन्न शारीरिक बीमारियों का शर्तिया इलाज करने वाला बताया था।बातों-बातों में आरोपियों ने कमल साहू





को विश्वास में लिया कि उनके खेत में धन गड़ा हुआ है। उस धन को निकालने के लिए बड़ी पूजा-पाठ की आवश्यकता बताकर आरोपियों ने अलग-अलग किश्तों में कुल 13 लाख 74 हजार रुपये और करीब एक तोला सोना ऐंठ लिया। जब प्रार्थी को ठगी का एहसास हुआ, तो उसने सिटी कोतवाली में मामला दर्ज कराया।

सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उत्तर बस्तर कांकेर के जामगांव थाना नरहरपुर में दबिश दी। वहां से पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया। पकड़े गए आरोपियों में नानसिंग चितोड़िया 52 वर्ष और सूरज सिंह चितोड़िया 18 वर्ष निवासी वर्धा, महाराष्ट्र और

आरोपियों ने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से ठगी के 4 लाख 80 हजार नगद, सोने के आभूषण और वारदात में इस्तेमाल की गई कार सीजी 11 ई 4500 जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### भक्त गुहा निषादराज भक्ति, मित्रता और मानवता का है प्रतीक : विधायक इन्द्र साव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- निषाद समाज सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की विधायक ने

ग्राम मेण्डरा में आयोजित गुहा निषाद राज जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इन्द्र साव शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने निषाद समाज की मांग पर समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में विधायक ने कहा भक्त गुहा निषाद राज भक्ति, मित्रता, समानता और मानवता के प्रतीक थे। रामायण काल से गुहा निषाद राज का नाम अत्यंत श्रद्धा से लिया जाता है। जब भगवान श्रीराम वनवास के दौरान गंगा तट पर पहुंचे, तब गुहा निषाद राज ने उन्हें सच्चे मित्र की तरह अपनाया। इसके पूर्व निषाद समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय बालिका दिवस

**महासमुंद।** भारत देश में हर साल 24 जनवरी के दिन राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में राष्ट्रीय बालिका दिवस का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना के लिए मनाया जाता है। जिसके अंतर्गत सशक्त बालिका, सुरक्षित भविष्य देश के शिक्षक ने इस बालिका दिवस को संस्कार को बारे में बताते हैं। बेटियों के लिए समान अवसर और लिंग भेदभाव को कम करने के लिए समर्पित है।

### भुरकोनी मंडल अध्यक्ष बने घनश्याम धांधी

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत खुटेरी के पूर्व सरपंच घनश्याम धांधी को कांग्रेस पार्टी द्वारा भुरकोनी मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। धांधी लंबे समय से कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हुए हैं तथा पूर्व सरपंच रहते हुए उन्होंने जनहित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनता ने हर्ष जताते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा।

### साराडीह स्कूल में हुई पालक-शिक्षक की बैठक

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला साराडीह में शिक्षक, पालक एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक हुई। जिसमें साल के प्रधान पाठक मंजू चंद्राकर द्वारा बच्चों के छिमाही परीक्षा के बारे में एवं वार्षिक उत्सव तथा अनियमित बच्चों को स्कूल लाने के लिए चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष सीमा साहू, उपाध्यक्ष ऋतु साहू, सदस्यगण उर्मिला साहू, रेखा साहू, लेख राम चतुर्वेदी, खुमन साहू एवं पालक तथा सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 5 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेलसोंडा के मृतक भारत ध्रुव की माता नंदिनी ध्रुव के लिए एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम रक्शा के मृतक शोभाराम पांडे की पत्नी गोमती पांडे के लिए, ग्राम छिंदपाली के मृतक राकेश साहू की पत्नी देवकुमारी के लिए व ग्राम अमरकोट के मृतक रामलाल भोई की पत्नी देमोती के लिए तथा आग में जलने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत गंजपारा वार्ड 10 की मृत्तिका लक्ष्मी पाटकर के पति दुर्गा प्रसाद पाटकर के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### गौरवपूर्ण इतिहास के लिए जाना जाता है निषाद समाज : अमर

**महासमुंद।** ग्राम चिरको में भक्त गुहा निषाद राज जयंती कार्यक्रम का आयोजन 22 जनवरी को किया गया। सुबह पूजा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीरामचंद्र और भक्त निषाद राज की पूजा कर समाज व गांव की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमर अरूण चंद्राकर ने कहा कि निषाद समाज अपने गौरव पूर्ण इतिहास के लिए जाना जाता है। रामायण काल में भगवा राम, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण को नदी अपने नाव पर बैठा कर पार कराने वाले निषाद राज, जो निषादों के राजा के रूप में पूजे जाते हैं, भगवान राम के परम मित्र के रूप में पूरे विश्व में जाने जाते हैं। निषादों का लम्बा इतिहास रहा है। सामाजिक एक जुटता के संग आज वर्तमान भविष्य को तैयार करने के लिए समाज के बीच शिक्षा का प्रचार-प्रसार आवश्यक है। बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ सामाजिक ज्ञान भी देना चाहिए। ताकि, आने वाले समाज की नींव बन सके।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का नगर में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव के बलौदाबाजार नगर प्रथम आगमन पर स्थानीय अंबेडकर चौक में नगर पालिका द्वारा विशाल मंच में ऐतिहासिक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधियों का नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा मंच पर स्वागत किया। खुली जिप्सी में प्रदेश अध्यक्ष के साथ अन्य जनप्रतिनिधि सवार होकर नगर प्रवेश किया और नगर के अटल चौक में आम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य मार्ग से निकली अभिनन्दन रैली में प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी का अन्य स्थानों पर भी स्वागत किया गया व नया बस स्टैंड में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व अटल चौक में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माला पहना कर अभिवादन किया गया ।अम्बेडकर चौक में स्वागत मंच में स्वागत के दौरान उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, सभापति हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, सतीश पटेल, आदित्य गुप्ता, मनोज कांत पुरैना, कन्हैया सेन, प्रिया शशि भूषण शुक्ला, रेखा पोषण पटेल, रोहित साहू, लोकेश चेलक, मंजू होरेलाल फेकर, शशि भूषण शुक्ला, पोषण पटेल, पूर्व मंडी सचिव योगेश, रवि फेकर, आदि उपस्थित थे।

### निकाली गई रैली में जगह-जगह हुआ स्वागत





#### पुष्प वर्षा की गई

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के नेतृत्व में स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की गई व प्रथम नगर आगमन पर अभिनंदन किया गया, प्रथम नगर आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रमोद शर्मा, डॉ.सनम जांगड़े सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने अंबेडकर चौक पहुंचने पर सर्वप्रथम बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नागरिकों का अभिवादन किया गया।

### दाऊ कल्याण महाविद्यालय में 22 से 28 जनवरी तक चलेगा आयोजन

# मंत्री टंकराम ने किया राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार में 22 से 28 जनवरी तक राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय सात दिवसीय शिविर का आयोजन का शुभारंभ टंकराम वर्मा मंत्री उच्च शिक्षा ने किया। मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से आए लगभग 300 से अधिक स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों को राष्ट्रहित में नित अपना योगदान देना और देश की सेवा को समर्पित रहना चाहिए बताया। सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवक प्रतिदिन योग, प्राणायाम, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इसके साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदार होंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा दाऊ कल्याण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य स्तरीय कैंप बलौदाबाजार के छात्रों एवं नागरिकों के लिए बड़ी हर्ष का पल है। मैं स्वयं इस महाविद्यालय का छात्र रहा हूं। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व सांसद गुहाराम अजगले, पूर्व विधायक गौरी शंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा, अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका बलौदाबाजार, विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, जिलाध्यक्ष भाजपा आनंद यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार आकांक्षा जायसवाल, महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष मोहन लाल वर्मा एवं राज्य एन एस एस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी, प्राचार्य डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार डॉ. एआरसी जेम्स, रासेयो जिला संगठक नरेन्द्र देव मिर्झा तथा महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।





### श्री कृष्ण के अवतार रहस्य एवं जन्मोत्सव प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया



**खरोरा।** ग्राम परसदा में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन का आयोजन भक्ति रस से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर कथा व्यास द्वारा भगवान श्रीराम के मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप तथा भगवान श्रीकृष्ण के अवतार रहस्य एवं जन्मोत्सव प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथावाचक पं. ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की स्थापना की है। रामावतार के माध्यम से सत्य, मर्यादा, त्याग और आदर्श जीवन की शिक्षा दी गई, वहीं कृष्णावतार में लीला, प्रेम, करुणा और नीति का दिव्य संदेश निहित है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग के दौरान पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का वर्णन हुआ, पूरे पंडाल में "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, नृत्य व आरती के माध्यम से जन्मोत्सव को उल्लासपूर्वक मनाया।

## कलश यात्रा के साथ राम नाम सप्ताह शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



प्रसिद्ध हो जाना कठिन बात है, परन्तु अपनी प्रसिद्धि को बरसो तक कायम रख पाना निश्चित ही महान बात होती है। ग्राम कोरदा में आयोजित अखंड राम नाम सप्ताह कुछ ऐसी ही अनुपम मिसाल बन चुका है। कोरदा में लगभग 50-55 वर्ष पहले से लगातार अखंड राम नाम सप्ताह का आयोजन किया जाता रहा है।

कोरदा में अखण्ड राम नाम सप्ताह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ 22 जनवरी को हुआ। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से कीर्तन मंडली के साथ महामाया मंदिर से होकर पूरा गांव के गलियों में कलश यात्रा पहुंची। कलश यात्रा में महिलाओं के साथ ही लड़कियां ने अपने सिर में कलश उठाकर चल रही थीं। देव आह्वान स्थापना पूजा एवं स्वस्तिवाचन के साथ अखंड नाम सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ किया गया। मोहल्लेवासियों द्वारा राम नाम का जाप प्रारंभ किया गया। राम नाम का जाप पूरे सात दिन और सात रात लगातार किया जाएगा। जिले व आसपास के अन्य गांवों से कीर्तन मंडली भी राम नाम सप्ताह यज्ञ में भाग लेगी। बाहर से आई कीर्तन मंडली को उत्कृष्ट गायन, वाहन, वेशभूषा एवं झांकी प्रदर्शन पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम से लेकर 18वा इनाम सहित सांत्वना पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा।

## तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए है हानिकारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत दंत चिकित्सक, दंत चिकित्सा सहायक एवं संकुल समन्वयकों हेतु उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन पलारी के जंगलोर, कौड़यि, छड़ीया व दतरेंगी मिडिल स्कूल में किया गया। इसमें विद्यार्थियों को तंबाकू की उत्पत्ति तथा व्यक्ति किस तरह से तंबाकू का सेवन प्रारंभ करता है और उससे होने वाली हानिकारक बीमारियां जैसे कैंसर, हृदय रोग, सांस लेने की समस्या और अन्य बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ किस तरीके से तंबाकू के नशे से निजात पा सकते हैं, उक्त विषय में भी जानकारी दिया गया। तंबाकू छुड़ाने के लिए तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र में उपलब्ध दवाइयां के बारे में भी जानकारी दिया गया।

स्कूल में यदि कोई बच्चा किसी प्रकार के तंबाकू का सेवन करता है तो उसे किस तरह से छुड़ा सकते हैं की जानकारी दिया गया, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार डॉ विनोद पटेल स्कूलों को किस तरह से तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बना सकते हैं और स्कूलों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने हेतु निर्धारित मापदंडों का विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया, साथ ही कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4, 5, 6, 7 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में साइकोलॉजिस्ट मोहिंदर घृतलहरे द्वारा बताया गया कि यदि बच्चा स्कूल में किसी भी नशे का सेवन करता है तो उसे जिला चिकित्सालय के कमरा नंबर 07 में भेज कर निशुल्क परामर्श व दवाइयां दी जाती है, जिससे वह एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सके। इस अवसर पर शिक्षक सोमनाथ साहू, सत्यनारायण शर्मा, मनराखन मनहर, सुनीता गेन्द्रे, अनिल आदिल उपस्थित थे।

## सशिमं में हुआ विद्यारंभ संस्कार



**पलारी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन व विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम किया गया। छात्रों ने मां सरस्वती का स्मरण कर उसकी स्तुति किए। पूजन कार्य आचार्य पूनमचंद उपाध्याय ने किया। शिशु वाटिका की दीदीयों ने नवांगतुक बच्चों को सहयोग प्रदान किए। विद्यालय शिक्षण समिति के सदस्य गण भी उपस्थित रहे।पूजन पश्चात बच्चों के द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। भैय्या बहन एवं पालकगण बड़े उत्साह से भाग लिए। आचार्य दीदीयों ने भी आनंद उठाया तथा बच्चों को सहयोग प्रदान किया।

## जुनवानी में भागवत महापुराण सप्ताह का आयोजन

**भवानीपुर ।** ग्राम जुनवानी में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन पार्वती बाई निषाद के द्वारा रखा गया है जिसमें कथा वाचक पंडित संतोष तिवारी ग्राम टेकरी रायपुर वाले द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करवाया जा रहा है तिवारी जी ने कहा कि हम सभी को सनातन धर्म का पालन करना चाहिए और हमें गौ माता का भी रक्षा करना चाहिए छोटे-छोटे बच्चों को अच्छी संस्कार अवश्य दें ताकि संस्कारि रहे जिससे उनकी जीवन अच्छा से चले और अच्छी शिक्षा दीक्षा ग्रहण कर संस्कारी बने पंडित तिवारी तिवारी कथा में सुनाया की वामन अवतार कथा भगवान विष्णु के पंचम अवतार की है,



जिसमें उन्होंने दैत्यराज बलि के घमंड को तोड़ने और देवताओं को उनका स्वर्ग लौटाने के लिए एक छोटे ब्राह्मण बालक वामन का रूप लिया, और बलि से तीन पग भूमि मांगी, पहले पग में पृथ्वी, दूसरे में स्वर्ग नापकर, तीसरे पग के लिए बलि के सिर पर पैर रखकर उन्हें पाताल लोक भेज दिया और बलि की भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें पाताल का स्वामी बनाया।

## मांठ जोन में हुआ एफएलएन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

मांठ जोन में पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का तृतीय एवं अंतिम चरण नवीन प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती मांठ में हुआ। सभी प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों ने भाषाई एवं गणितीय कौशल की बारीकियों को समझा। इस अंतिम चरण के समापन के अवसर पर मांठ जोन के अंतर्गत आने वाले समस्त संकुल प्रभारी नोडल प्राचार्य उपस्थित रहे। इसमें मुख्य रूप से बेल्दार सिवनी संकुल प्रभारी नोडल प्राचार्य ईशा रानी, खलखो मैडम, भड़हा संकुल की नोडल प्राचार्य निवेदिता शर्मा मैडम, मांठ हाई





स्कूल की प्राचार्य सुशीला वर्मा, इल्दा नोडल प्राचार्य सीके वर्मा, मूरा हाई स्कूल के प्राचार्य संतोष शर्मा, पचरी संकुल नोडल प्राचार्य प्रकाश गिलहरे सर साथ में तिल्दा बीआरसीसी, देवेंद्र ठाकुर सर एवं मांठ जोन के समस्त संकुल समन्वयकगण उपस्थित थे। उपस्थित समस्त अतिथि नोडल प्राचार्यों ने अपने अभिवादन में एफएलएन की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति पर जोर दिए ताकि बच्चों का कक्षा अनुरूप विकास हो सके। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में मुख्य रूप से झालाराम वर्मा सर तन, मन, धन से सहयोग करने वाले कैलाश बघेल सर एवं नारायण प्रसाद देवांगन सर रहे। समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त संकुल समन्वय संजय वर्मा सर एवं संस्था के प्रधान पाठक वीर कुमार वर्मा सर के द्वारा किया गया।

### श्रमिकों के अधिकार और ग्रामीण रोजगार को मजबूत करना है उद्देश्य

# विभिन्न गांवों में पहुंची मनरेगा बचाओ पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के तत्वाधान ने मनरेगा बचाओ पदयात्रा अभियान के आज चौथे दिन पदयात्रा ग्राम झिरिया, नवागांव, मुसवाडीह, कामता एवं पौंसरी पहुंची। इस पदयात्रा का उद्देश्य मनरेगा योजना के संरक्षण, श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और ग्रामीण रोजगार को मजबूत करना रहा। यात्रा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा को बंद करना चाहती है और किसान, मजदूर वर्ग के लोगों को पलायन करने के लिए मजबूर कर रही है उन्होंने आगे कहा कि आपके पास कोई कानूनी गारंटी नहीं रहेगी, आपको किसी भी मेट या रोजगार सहायक का सहयोग नहीं मिलेगा और मजदूरों को ना ही समय पर काम मिलेगा और ना ही मजदूरी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभिनव यदु ने कहा कि मनरेगा मजदूर व जरूरतमंद ग्रामीणों का हक का काम है जिसे कांग्रेस के मनमोहन सरकार ने 2005 में चालू किया था उसे अब भाजपा की सरकार नए नए नियम लाकर पूर्ण रूप से बंद करना चाहती है। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा की डबल इंजन सरकार को उखाड़ फेकना है और कांग्रेस की सरकार लाना है ताकि मनरेगा का कार्य सुचारू रूप से चल सके। कार्यक्रम को पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. के.के. नायक ने भी संबोधित किया और अपना मार्गदर्शन दिया। उक्त पदयात्रा के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया गया और मनरेगा से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। साथ ही संगठन की मजबूती और जनसरोकारों के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष चंदू साहू, मंडल अध्यक्ष भिखारी गहरे, जनपद प्रतिनिधि गोलू साहू, साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष शेष साहू, कुंजराम साहू, कंश साहू, नागेश साहू, राहुल शर्मा, कान्हा यदु, हेमदास कोसले, अश्वनी बारले, धनसिंह साहू, सचिंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## नपा अध्यक्ष ने आगजनी घटना का किया अवलोकन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सब्जी मंडी में दोपहर 12 बजे अचानक दो ठेला नुमा दुकान में आग लगने से अफ़रा तफरी मच गई। बोर पंप के सहारे तत्काल आगजनी की घटना पर काबू पाया गया। वहीं नगर पालिका द्वारा पानी टैंकर की भी व्यवस्था की गई। इस बात की खबर लगते ही नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने तत्काल घटना स्तर पर पहुंचकर आगजनी की घटना का अवलोकन किया व तहसीलदार को घटनास्थल पर हुई आगजनी की घटना से प्रभावित दुकानदारों को उचित मुआवजा देने प्रकरण तैयार करने के संबंध में चर्चा की गई।

आगजनी की घटना पर समय रहते काबू पाया गया अन्यथा अन्य दुकान भी इसकी चपेट में आ सकते थे ऐसी संभावना व्यक्त की गई, आगजनी का कारण ज्ञात नहीं हो सका है।

## खबर संक्षेप

### सशिमं में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**हिरमी रावन**। सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा में 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण एवं नाटक की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। विद्यालय प्रबंधन समिति के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशप्रेम, संस्कार एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना है। इस अवसर पर अभिभावकों, ग्रामवासियों एवं गणमान्य नागरिकों को कार्यक्रम में उपस्थित रहने के लिए आमंत्रित किया गया है। विद्यालय परिवार ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सुतीरकुली में हुआ विविध खेलों का आयोजन, बच्चों में दिखा उत्साह



**बिलाईगढ़**। विकासखंड के अंतर्गत संकुल केंद्र सुतीरकुली में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विविध खेलों का सफल आयोजन किया गया। इस खेल आयोजन में क्षेत्र के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं। खेल मैदान बच्चों की ऊर्जा, अनुशासन और खेल भावना से जीवंत नजर आया। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शारीरिक विकास के साथ-साथ टीम भावना, आत्मविश्वास और खेल के प्रति रुचि को बढ़ावा देना रहा। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों एवं संकुल समन्वयकों का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।
खेल प्रतियोगिताओं के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का मनोबल और अधिक बढ़ा। उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### रक्तदान शिविर कल

**महासमुंद**। शहर के महांती युवा मंच, छग करण महांती समाज, तारिणी महिला मंच एवं आशीर्वाद ब्लड बैंक के संयुक्त प्रयास के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन में किया गया है।

### निधन

### महबूब चचा

**बलौदाबाजार**। नगर के शेख सिरातुल लोहा दुकान के संचालक



महबूब चचा का निधन हो गया। शुक्रवार को उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार स्थानीय ईदगाह कब्रिस्तान, रिसदा रोड में सायं 5 बजे किया गया, जहां परिजनों, मित्रों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। महबूब चाचा अपने सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे।

# गायत्री शक्ति पीठ में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, बच्चों का हुआ विद्यारंभ संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शहर के लवन रोड स्थित गायत्री शक्ति पीठ में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों का विद्यारंभ संस्कार भी संपन्न कराया गया।

प्रातः 9.30 बजे से प्रारंभ हुए महायज्ञ में विश्व कल्याण की कामना के साथ गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से विधिवत आहुतियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान कुल 7 बालक-बालिकाओं का विद्यारंभ संस्कार कराया गया जिससे आयोजन का आध्यात्मिक वातावरण और अधिक पावन हो गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पुरोहित फिरत पटेल ने बताया कि बसंत पंचमी सूर्य उपासना का विशेष पर्व होने के साथ-साथ गायत्री परिवार का सबसे बड़ा पुण्य पर्व है। उन्होंने कहा कि इस दिन को पं. श्रीराम आचार्य के आध्यात्मिक जन्मदिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

इसी पर्व से गायत्री परिवार की तप साधना श्रृंखलाओं का शुभारंभ हुआ तथा अखंड ज्योति पत्रिका का प्रकाशन भी इसी दिन से प्रारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विश्व भर में फैले लगभग 24 लाख गायत्री उपासक एवं देश-विदेश की 4 हजार से अधिक शाखाएं आध्यात्मिकता के प्रसार और उपासना पथ के मार्गदर्शन का कार्य कर रही हैं।

**7 बालक-बालिकाओं का विद्यारंभ संस्कार कराया गया**





#### श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया

युग निर्माण आंदोलन का उद्घोष, वेद-उपनिषद, दर्शन, स्मृति, पुराण, ब्राह्मण-आरण्यक जैसे आर्ष ग्रंथों का अनुवाद, प्रकाशन एवं प्रसार की योजनाओं का शुभारंभ भी बसंत पंचमी से ही हुआ है। आरती के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा ज्ञान, बुद्धि एवं सद्बुद्धि की कामना की

# बसंत पंचमी पर छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय खरोरा परिसर में बसंत पंचमी मनायी गई। इस अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा ज्ञान, बुद्धि एवं सद्बुद्धि की कामना की। छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना, भजन, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। प्राचार्य रजनी मिंज ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व शिक्षा, संस्कार एवं सृजनात्मकता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और ज्ञान के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

सभी ने मिलकर इस पावन पर्व को यादगार बनाया। इस अवसर पर विद्यालय शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, सदस्य यज्ञदत्त शर्मा, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली खरे, जयंती साहू, अल्का मिंज, तान्या भट्टाचार्य, मोंगरा साहू, नीतू यादव, प्रिया संघवी, बिजेश्वरी महिलांगे, जगदेव बंजारे, योगेंद्र त्रिपाठी, गीतांजली पान, शिवांगी निषाद, यश अमलानी, यतिराम कन्नौजे, कविता देवांगन, अनिल कुमार कुर्रे, अरविंद नायक, कल्याणी साहू, नीलम वर्मा, निकिता वर्मा एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

#### आत्मानंद स्कूल गनियारी में हुई सरस्वती पूजा

खरोरा। ग्राम गनियारी स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में बसंत पंचमी मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती की आराधना कर शिक्षा, ज्ञान और सद्बुद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। उपस्थित शिक्षकों ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। पूजन उपरांत बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति जागरूकता देखने को मिली।



# सशिमं में विद्यारंभ संस्कार एवं समर्पण कार्यक्रम हुआ

**खरोरा**। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन, विद्यारंभ संस्कार एवं समर्पण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईश्वरी देवांगन भूमि दानदाता एवं समाजसेवी विशिष्ट अतिथि रोहित वर्मा तथा प्राचार्य अश्वनी पाटकर एवं प्रधानाचार्य संजय वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य द्वारा कराया गया।

पूजन एवं हवन की विधि विद्यालय के पूर्व आचार्य चेतन प्रसाद द्विवेदी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई गई। इसके पश्चात नवप्रवेशी छात्रों का पट्टी पूजन कर पांच देवाक्षर लिखवाते हुए विद्यारंभ संस्कार कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कुल 80 नवप्रवेशी भैया-बहनों का विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न हुआ। सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से स्लेट-पेंसिल भेंट की गई। हवन पूजन में 11 जोड़ियों ने सहभागिता की, जिनमें गायत्री साहू-तोमन साहू, किरण यादव-रवि शंकर यादव, कीर्ति साहू-भेंन कुमार साहू, कविता वर्मा-सूर्यकांत वर्मा, चित्रलेखा सिन्हा-यीश कुमार सिन्हा सहित अन्य शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के आचार्य-दीदियों एवं भैया-बहनों का सराहनीय योगदान रहा।



# संयुक्त जांच टीम ने किया 227 क्विंटल अवैध धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जांच टीम ने फुटकर व्यापारी एवं कोचिये की दुकानों में दबिश देकर 227 बोरी अवैध धान जब्त किया। जब्तशुदा धान को ग्राम कोटवार को सुपुर्द किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील लवन अंतर्गत ग्राम करदा के फुटकर व्यापारी पंचराम पिता बिसाहू के दुकान से 37 बोरी धान अवैध रूप से पाये जाने पर जब्त कर ग्राम के पंच बोधराम को सुपुर्द किया गया।ग्राम भालूकोना के फुटकर व्यापारी विमल साहू पिता लक्ष्मण साहू के दुकान एवं गोदाम से 162 बोरी धान अवैध रूप से पाये जाने पर जब्त कर ग्राम कोटवार को सुपुर्द किया गया। इसी तरह तहसील पलारी में 8 कोचिंया के दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमें ग्राम औरासी के यादव प्रसाद वर्मा के दुकान से 28 बोरी अवैध धान जब्त कर ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी में दिया गया।



गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण सहित बिचौलियों पर सख़्ती से कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही धान का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है जिसमें कम धान मिलने पर अतिरिक्त रकबा को समर्पण कराया जा रहा है।

# शारीरिक शिक्षा और खेल बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्दी में शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत अंबुजा फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 13 विद्यालयों के 324 छात्र-छात्राओं और 15 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुभारंभ दिन 19 जनवरी को 7 प्राथमिक विद्यालयों की भागीदारी रही जबकि दूसरे दिन 6 माध्यमिक विद्यालयों के बीच खेल आयोजित किए गए। युवा खिलाड़ियों ने कबड्डी खोखो 50 मीटर दौड़ 100 मीटर दौड़ रिले रेस और बोरी दौड़ सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपने एथलेटिक कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। सरपंच भारती राकेश वर्मा मुख्य अतिथि एवं अंबुजा फाउंडेशन कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. मंजूषा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्दी के प्राचार्य शैलेंद्र भसगौरी और हरि तालिका शिक्षा विभाग से सभी भाग लेने वाले प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक और छात्र-छात्राएं समारोह में उपस्थित थे। सरपंच भारती राकेश वर्मा ने कहा कि खेल उत्सव एक अद्भुत पहल है जो बच्चों में शारीरिक स्वास्थ्य और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है। ऐसे आयोजन न केवल एथलेटिक कौशल विकसित करते हैं बल्कि टीम वर्क अनुशासन और दृढ़ता के मूल्यों को भी स्थापित करते हैं।

छात्रों के समग्र विकास के प्रति अंबुजा फाउंडेशन की निरंतर प्रतिबद्धता के लिए उन्हें बधाई देती हूं।

अंबुजा फाउंडेशन की कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. मंजूषा ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकों और कक्षाओं तक सीमित नहीं है। शारीरिक शिक्षा और खेल बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल उत्सव के माध्यम से हम छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने आत्मविश्वास बढ़ाने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए एक मंच प्रदान करने का लक्ष्य रखते हैं। हमें क्षेत्र भर के विद्यालयों से इतनी उत्साहपूर्ण भागीदारी देखकर बेहद खुशी हो रही है।

# श्री हरदेव लोधी समाज का वार्षिक सम्मेलन 27-28 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



श्री हरदेव लोधी समाज छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक अध्यक्ष शैलेन्द्र लोधी के नेतृत्व में हुई। इस बैठक में समाज के भविष्य और संगठन की मजबूती को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।

समाज का आगामी दो दिवसीय वार्षिक आमसभा सम्मेलन 27 और 28 फरवरी को बलौदाबाजार जिले के नगर पंचायत लवन में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार, दुर्ग और गरियाबंद जिलों से लगभग 1,000 से अधिक सामाजिक सदस्य शामिल होंगे। आमसभा में सामाजिक प्रकरणों का निपटारा, वार्षिक आय-व्यय का विवरण, सामाजिक पंजीयन का नवीनीकरण और ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, मंत्री टंकराम वर्मा एवं क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों के एक दल ने 18 जनवरी को लवन का दौरा किया। वहां लवन क्षेत्र अध्यक्ष वीरू लोधी एवं स्थानीय समाज प्रमुखों के साथ तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष शैलेंद्र लोधी के साथ उपाध्यक्ष टुकेश्वर लोधी, सहसचिव कुबेर लोधी, सलाहकार कैलाश लोधी व सूरज लोधी मुख्य रूप से उपस्थित थे। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य टेकचंद, लक्ष्मी नारायण, शत्रुघ्न, अश्विनी, वीरू लोधी, किरण, रामकुमार, कोमल, दशरथ, खूबचंद, राम रतन, देव प्रसाद सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु मौजूद रहे।

# विकास में बाधक बने जनप्रतिनिधि अनियमिता से जनता में आक्रोश

**बिलाईगढ़**। नगर के विकास के लिए शासन द्वारा लगातार योजनाएं स्वीकृत की जा रही हैं, लेकिन बिलाईगढ़ में विकास कार्य जनप्रतिनिधियों की लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते नजर आ रहे हैं। शासन से करोड़ों रुपये की विकास निधि मिलने के बावजूद नगर की हालत बद से बदतर बनी हुई है, जिससे आम जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। बिलाईगढ़ के बहुप्रतीक्षित गौरव पथ निर्माण के लिए पूर्व कांग्रेस सरकार से लेकर वर्तमान भाजपा सरकार तक द्वारा कई करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। गौरव पथ निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा कई बार सड़क का नाप-जोख किया गया, खर्च और बचत का पूरा हिसाब-किताब तैयार किया गया। इसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ भी हुआ, लेकिन अचानक कार्य को बीच में ही रोक दिया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में जानबूझकर बाधा डालकर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है, जिससे नगर का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। स्थिति यह है कि नगर में अब तक नाली निर्माण कार्य नहीं हुआ, जिससे घरों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। नगर सहित आसपास के अंचल के हजारों नागरिकों को गंदे पानी और कीचड़ से होकर आना-जाना पड़ रहा है। इससे न केवल आमजन को भारी परेशानी हो रही है, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। नगरवासियों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

# डीईओ ने प्राथमिक स्कूल के प्रधानपाठकों की ली समीक्षा बैठक

भटगांव। भटगांव में विकासखण्ड बिलाईगढ़ के सभी प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठकों की समीक्षा बैठक जिला शिक्षा अधिकारी जोइधा राम डहरिया ने सेजेस स्कूल भटगांव में ली। बैठक बैठक में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल संजीव राजेत्री उल्लास कार्यक्रम के जिला नोडल जय प्रकाश कुर्रे, सेजेस स्कूल भटगांव के प्राचार्य प्रियतम भारद्वाज शासकीय प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठक उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में छात्रवृत्ति योजना में तेजी लाने शालाओं में बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित कराने कक्षा 5वीं बोर्ड परीक्षा में कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं चलाने तथा 26 जनवरी को उल्लास कार्यक्रम का



आयोजन करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। सब विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिले इसका विशेष ध्यान रखें। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधान पाठकों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम लाने हेतु विद्यार्थियों को नियमित मार्गदर्शन और प्रेरणा के निर्देश दिए। साथ ही सभी शिक्षकों को राज्य से निर्धारित वि एस के एप्प डाउनलोड करके प्रतिदिन उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए।

## पेज 11 के शेष

### ट्रक ने ट्रैक्टर को...

बाहर निकाला। इस घटना में गुलाल देवदास की हालत गंभीर है। वहीं हेमलाल साहू व भागवत साहू को गंभीर चोटें पहुंची जहा उनका उपचार जारी है। तीनों का उपचार बलौदाबाजार के एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

### रिश्वत मांगने वाला...

की कोई जगह नहीं है और दोषी चाहे कोई भी हो, उस पर कार्रवाई अवश्य होगी।राजस्व मंत्री के निर्देश के बाद तहसील स्तर पर जांच प्रक्रिया प्रारंभ की गई। प्रशांत सामल से जवाब तलब किया गया, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर आदेश क्रमांक 321/तह./वाचक/2026 दिनांक 23 जनवरी 2026 के तहत उसकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गईं। उक्त संबंध में तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा ने कहा कि जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण प्रशांत सामल कंप्यूटर ऑपरेटर को पद से हटाया गया।

### धान खरीदी में ...

प्रभारी करणलाल दिनकर, मोहतरा के खरीदी प्रभारी किशन कुमार पटेल, मोहरा के खरीदी प्रभारी दीनबंधू यादव की वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोकने की कार्रवाई की गई। इस वर्ष धान खरीदी में अवैध धान की रोक थाम के लिए चिन्हाकित उपार्जन केन्द्रों में सीसी टीवी के माध्यम से कड़ी निगरानी की जा रही है।

### 9वीं के छात्र...

सहायक पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छात्र को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया। आरोपी छात्र को हिरासत में लेकर मामला पंजबद्ध कर जांच की जा रही है। ज्ञात हो कि दोनों छात्र नाबालिग है। घटना के संबंध में सवाल उठने लगा है कि स्कूल में छात्र चाकू लेकर जाता रहा होगा, जिसकी भनक स्कूल प्रबंधन को भी नहीं लगी।

### भक्त गुहा निषादराज ...

ने विधायक इन्द्र साव का फूल माला से स्वागत किए, समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। इसके पश्चात रामायण भजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विजय निषाद, काली चरण निषाद, बिरबल निषाद, वीरालाल निषाद, मालिकराम निषाद, भनवार निषाद, बाबूलाल निषाद, हेमलाल ध्रुव, चेतन ध्रुव, देवनारायण बांधे, नानू सोनी, अमृतलाल निषाद, केजूराम निषाद, नेतनारायण निषाद, लखन निषाद, लखन ध्रुव, टेकनारायण निषाद, दिलीप निषाद, रेखराम निषाद सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
23 जनवरी 2026
SHOW TIME
बॉर्डर - 2
शो समय
11:30, 12:00, 3:00, 4:00, 6:30, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### सेल में भागवत कथा कल से

**सेल।** ग्राम सेल में 25 जनवरी से 2 फरवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रखा गया हैं, जो स्थानीय गुड़ी चौक में दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक होगा। इसमें कथाकार पं. दिनेश कुमार दुबे होंगे। आयोजक समिति ने नव युवक एकता समिति गुड़ी चौक द्वारा 25 जनवरी को पूजन कलशयात्रा निकाली जाएगा एवं षटध्यायी, 26 को परीक्षित श्राफ एवं वराह अवतार की कथा, 27 को शिव चरित्र ध्रुव एवं जड़भरत की कथा, 28 को नृसिंह अवतार व समुद्र मंथन, 29 को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग, 30 को रूखमणी विवाह, 31 को सुदामा चरित्र कथा, 1 फरवरी को कथा समापन एवं चढ़ोतरी होगा, 2 फरवरी को हवन सहस्त्रधारा ब्राम्हण भोजन कपिला तर्पण एवं यज्ञ विसर्जन किया जाएगा। इसमें मुख्य यजमान जानकी देवी वर्मा, हरलाल वर्मा, यजमान उषा साहू, राधेश्याम साहू, सावित्री वर्मा, बंशीलाल वर्मा होंगे।

### कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ



**मुंडा।** मेन रोड स्थित ग्राम पंचायत मुंडा में स्व. पंचराम साहू, स्व. लहुरा बाई, स्व. प्रेमलाल, स्व. गीता बाई, स्व. अरुण कुमार साहू की स्मृति में पुष्पा पोखराज साहू के निज निवास में 22 जनवरी से आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में साहू परिवार के साथ-साथ गांव की मातृ शक्ति ने भाग लिया, जिससे गांव का माहौल धार्मिक वातावरण में सराबोर हो गया। भव्य कलश यात्रा कीर्तन मंडली के साथ कथा स्थल से बस्ती में महामाया मंदिर की पूजा अर्चना करने के बाद नया तालाब होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर गांव का भ्रमण किया। जिससे पूरा गांव धार्मिक उल्लास से ओत प्रोत रहा। कथा वाचक पं. धनंजय तिवारी भानपुर बागबाहरा एवं पुरोहित विजय कुमार पांडेय लवन और परायणकर्ता कृष्ण कुमार शर्मा है। इस दौरान धनेश साहू, दिलीप साहू, राजेश साहू, यश साहू, पुष्पा साहू, चमेली साहू, कृति साहू, रामकुमार साहू, संतोष वर्मा, आनंदी साहू, मेलाराम रजक, घनश्याम वर्मा, ननक राम वर्मा, परमेश्वर साहू, भागवत साहू, नीलकंठ साहू सहित बड़ी संख्या में साहू परिवार के साथ-साथ ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा में बसंत पंचमी पर 20 बच्चों का हुआ विद्याआरंभ संस्कार

# ज्ञान, कला, संगीत और संस्कारों का पर्व है बसंत पंचमी

हरिभूमकि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को पीले पुष्पों एवं सजावटी वस्तुओं से भव्य रूप से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उपस्थित जनसमुदाय ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्याआरंभ संस्कार रहा, जिसमें कुल 20 नन्हें बच्चों को पहली बार अक्षर ज्ञान कराया गया। पंडितजनों द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच बच्चों से "ॐ" एवं "अ आ इ ई" जैसे अक्षरों का लेखन करवाया गया। अभिभावकों ने इस संस्कार को अपने बच्चों के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया। विद्यालय की आचार्याओं एवं समिति सदस्यों ने बच्चों को बसंत पंचमी के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, कला, संगीत और संस्कारों से जुड़ा हुआ है।

इस दिन विद्या की आराधना करने से बच्चों में एकाग्रता, बुद्धि और संस्कारों का विकास होता है। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने पीले वस्त्र धारण कर बसंत पंचमी की परंपरा को निभाया। भजन-कीर्तन एवं सरस्वती वंदना से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में संस्कार, संस्कृति और भारतीय परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

## विवेक के समन्वय से जीवन में मिली है सफलता



**हिरमी रावन।** स्थानीय शिक्षण संस्थान ज्ञानोदय हिरमी में ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पर्व बसंत पंचमी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पीआर वर्मा ने किया। प्राचार्य ने बसंत पंचमी के आध्यात्मिक और शैक्षणिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों से कहा कि विद्या और विवेक के समन्वय से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। प्राचार्य ने अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में मनाये जा रहे जन्म शताब्दी वर्ष और अखंड दीप शताब्दी वर्ष 2026 के विषय में भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने पूज्य गुरुदेव और वंदनीय माता के आदर्श जीवन और उनके लोक कल्याणकारी विचारों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया, जिससे विद्यार्थी आध्यात्मिक रूप से भी लाभान्वित हुए। मंच संचालन शिक्षिका शैल वर्मा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

## बसंत पंचमी हमें ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर होने की देता है प्रेरणा



**सेल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेछर में मां सरस्वती का पावन पर्व बसंत पंचमी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। इस अवसर पर संस्था परिसर में विशेष सरस्वती पूजा और वंदना का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि रंजना कश्यप प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती पूजा की गई। विद्यार्थियों और शिक्षकगणों ने मां शारदे को पीले फूल अर्पित किए और शिक्षा व बुद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। प्राचार्य ने बसंत पंचमी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा यह पर्व न केवल प्रकृति में वसंत के आगमन का प्रतीक है, बल्कि यह हमें ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा भी देता है। बसंत ऋतु में खेतों में सरसो के पीले फूल प्रकृति की सुंदरता को बढ़ाते हैं, जो नई ऊर्जा और उमंग का संदेश देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षण डीके ठाकरे, शिवचरण पैकरा, मनीष चंद्राकर, निशांत शुक्ला, सुनीता तिग्गा, दीपिका वर्मा, कुसुम सेन, दिनेश कैवर्त्य, शिवगोपाल कोसले, रामकुमार साहू, सरोज वर्मा साथ में सभी कक्षा के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## बसंत पंचमी पर अंबुजा विद्यापीठ में गूंजा मंत्रोच्चार



**बलौदाबाजार।** अंबुजा विद्यापीठ, रवान में बसंत पंचमी का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पूर्णतः भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आकर्षक मूर्ति की स्थापना के साथ हुआ। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने अपनी पत्नी शकुन्तला पांडेय के साथ मां सरस्वती की मूर्ति का पूजन कर विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं एवं समाज के लिए ज्ञान, विवेक, सद्बुद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हवन-पूजन के उपरांत मां सरस्वती को श्रद्धापूर्वक खिचड़ी, फल एवं विविध प्रकार की मिठाइयों का भोग अर्पित किया गया। इस अवसर की विशेष बात यह रही कि खिचड़ी का भोग विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा स्वयं सहयोग और सेवा भाव से तैयार किया गया, जो आपसी समर्पण एवं सांस्कृतिक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। पूजन एवं आरती के पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को खिचड़ी, फल एवं मिठाइयां वितरित की गईं। बच्चों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह एवं आनंद देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माँ सरस्वती का पूजन हमें ज्ञान, अनुशासन, सदाचार एवं निरंतर अध्ययन के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को भी अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

### भरसेला में मनाया गया बसंत पंचमी पर्व



**बलौदाबाजार।** भरसेला बड़ा स्थित विद्यालय प्रांगण में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बसंत पंचमी पर्व का सामूहिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन में संस्था के समस्त शिक्षक तथा ग्राम के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सेजेस बिलाईगढ़ में बसंत पंचमी मनी

**बिलाईगढ़।** नगर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बिलाईगढ़ में बसंत पंचमी मनाई गई। इस अवसर पर मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पीले वस्त्र धारण कर बसंत पंचमी के महत्व को और भी आकर्षक बना दिया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को मां सरस्वती के जीवन में महत्व, ज्ञान, बुद्धि और संस्कारों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर छात्रों ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन में अनुशासन, श्रद्धा और उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला।



### कृषि विज्ञान केंद्र में मनाई गई बसंत पंचमी



भाटापारा। कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा में बसंत पंचमी का पर्व पारंपरिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने विद्या, ज्ञान और कृषि उन्नति की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, सृजन और नई शुरुआत का प्रतीक है। इसके साथ इस दिन हम मां सरस्वती से ज्ञान और सद्बुद्धि मांगते हैं। कार्यक्रम में केंद्र के सभी अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ. पीडी वर्मा ने किया एवं डॉ. सागर आनंद पांडे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन रतनपुर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से रतनपुर में प्रदेश स्तरीय बैठक सह सम्मेलन का आयोजन किया रखा गया है। यह बैठक नारी शक्ति के सम्मान एवं जागरण को समर्पित होगी, जिसमें प्रदेशभर से महिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज की मातृशक्ति बड़ी संख्या में शामिल होंगी। इस संबंध में रूक्मणी यादव अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ भाटापारा ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को एकजुट कर समाज एवं संगठन में उन्हें उचित सम्मान और सशक्त भागीदारी दिलाना है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि समाज की प्रगति तभी संभव है, जब नारी शक्ति सशक्त, संगठित और सम्मानित होगी।बैठक में प्रदेश महिला कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की घोषणा की जाएगी। इससे संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद है। सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष धनमती यादव एवं महामंत्री गीता यादव ने समाज की सभी महिलाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस प्रदेश स्तरीय बैठक में उपस्थित होकर अपनी एकता और शक्ति का परिचय दें।

### ट्रैक्टर की टक्कर से तीन साल की बच्ची की मौत, पिता घायल

**महासमुंद।** गुरुवार को भंवरपुर खुसरूपाली रोड के पास एक ट्रैक्टर की टक्कर ने बाइक को टक्कर मार दिया। घटना में तीन साल की बच्ची की मौत हो गई, वहीं बच्चे के पिता गंभीर तौर पर जख्मी हो गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है मिली जानकारी के दशरथ खुंटे पिता दिलीप सिंह खुंटे (25 वर्ष) सतनामीपारा भंवरपुर 22 को अपनी मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 28 5231 से अपनी बेटी दिव्यानी खुंटे (03 वर्ष) के साथ खेत की ओर से भंवरपुर आ रहा था।

### गुहा निषाद जयंती पर निकाली गई कलश यात्रा

**भाटापारा।** ग्राम मोपका में गुरुवार को निषाद समाज द्वारा गुहा निषाद जयंती मनाई गई, जिसमें नकटा तालाब के पास राम जानकी मंदिर का निर्माण किया गया है। इसी मंदिर से कलश यात्रा निकाले गए, जिसमें समाज के युवतियों द्वारा कलश लेकर रामधुनी के साथ कलश यात्रा पूरे गांव में भ्रमण किया गया। राम जानकी मंदिर में लक्ष्मी नारायण की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में निषाद समाज के प्रमुख अध्यक्ष बैसासू निषाद, उपाध्यक्ष शिव कुमार, निषाद हुमुक, निषाद देवान, कुंवर सिंग निषाद, सचिव गोपाल निषाद, चपरासी भीख राम निषाद, गोलू निषाद, डिगेश्वर निषाद, पंचराम निषाद, दशरथ निषाद, हिन्क्षा राम निषाद, पुरुषोत्तम निषाद, चंदन निषाद, गंगा राम निषाद, जेठू निषाद, संजय निषाद, तिहारु निषाद समस्त निषाद समाज मोपका ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

**26 को बंजारी में मड़ई व डीजे डांस : धमतरी।** ग्राम बंजारी में ग्रामवासियों के सहयोग से गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए डीजे डांस प्रतियोगिता भी होगी।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स मॉल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## वैज्ञानिक सर्वे, डेटा संग्रहण और संरक्षण तकनीकों पर कर्मचारियों को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



वनमण्डल क्षेत्र में स्थित जल निकायों एवं आर्द्रभूमियों के संरक्षण, उनके वैज्ञानिक प्रबंधन तथा सटीक डेटा संग्रहण की प्रक्रिया को मजबूत बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षु एसीएफ प्रखर नायक, श्वेता सिंह, समस्त प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, प्रत्येक परिक्षेत्र से आए वन अधिकारी, मैदानी कर्मचारी एवं महाविद्यालयीन छात्र भी शामिल हुए।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ अजय मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने आर्द्रभूमियों की पारिस्थितिकी, उनके स्वास्थ्य की जांच, सर्वेक्षण की प्रक्रिया तथा आधुनिक उपकरणों के उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी समझाया कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण से प्राप्त डेटा संरक्षण प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाने में किस प्रकार सहायक होता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ फील्ड में ले जाकर प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया, जिससे सर्वेक्षण की बारीकियों को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। इस दौरान प्रतिभागियों की तकनीकी शंकाओं का समाधान भी किया गया तथा सर्वेक्षण कार्य को अधिक सटीक एवं प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यशाला के दौरान यह बताया गया कि आर्द्रभूमियां केवल जल संचयन का केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे स्थानीय जैव विविधता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण आधार हैं। ऐसे में इनके संरक्षण और निगरानी हेतु वैज्ञानिक पद्धतियों से सर्वेक्षण एवं नियमित रिकॉर्डिंग आवश्यक है, जिससे भविष्य की संरक्षण योजनाओं को बेहतर दिशा मिल सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
हवाई मार्ग Ex-लखनऊ
(09 दिन) 2,80000/-(+5% GST)
कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त, 08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411